<u>प्रादेशिक समाचार</u>

<u>दिनांक–22.06.2024 (सुबह 08:30 बजे)</u>

<u>मुख्य समाचार</u>

- प्रतियोगी परीक्षाओं में कदाचार और अनियमितताओं पर अंकुश लगाने के लिए केन्द्र ने लागू किया सख्त कानून,पेपर लीक में पकड़े जाने पर 10 साल की जेल और एक करोड़ रूपये जुर्माने का प्रावधान।

- राज्य में गुरुजी स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड योजना के 'गो लाइव ऑफ स्टूडेंट एप्लीकेशन मॉड्यूल' का शुभारंभ, विद्यार्थियों को मिलेगा 15 लाख रुपये तक का शिक्षा ऋण।

- एंटी करप्शन ब्यूरो ने जल संसाधन विभाग में की छापेमारी, घूस लेते सेक्शन अफसर समेत दो गिरफ्तार।

- साहिबगंज और पाकुड़ के रास्ते मानसून ने झारखंड में दी दस्तक, 27 जून तक भारी बारिश और वज्रपात की चेतावनी।

*******************

केंद्र ने प्रतियोगी परीक्षाओं में कदाचार और अनियमितताओं पर अंकुश लगाने के लिए एक कड़ा कानून बनाया है। इसमें दोषियों को अधिकतम 10 साल की जेल की सजा और 1 करोड़ रुपये तक के जुर्माने का प्रावधान किया गया है। आधिकारिक गजट में प्रकाशित एक अधिसूचना में कार्मिक मंत्रालय ने कहा कि कानून के प्रावधान आज से लागू हो जायेंगे।

*******************

मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन ने कल प्रोजेक्ट भवन में गुरुजी स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड योजना के 'गो लाइव ऑफ स्टूडेंट एप्लीकेशन मॉड्यूल लांच किया। योजना के इस मॉड्यूल के तहत उच्च शिक्षण संस्थान में चयनित विद्यार्थी एजुकेशन लोन के लिए ऑनलाइन आवेदन कर सकेंगे। प्रक्रिया पूरी होने के बाद विद्यार्थियों को सरकार द्वारा चयनित बैंकों से अधिकतम चार प्रतिशत की ब्याज दर पर 15 लाख रुपये तक का शिक्षा ऋण मिल सकेगा। मुख्यमंत्री ने उच्च एवं तकनीकी शिक्षा विभाग की समीक्षा करते हुए कहा कि राज्य का कोई भी विद्यार्थी आर्थिक तंगी की वजह से उच्च और तकनीकी शिक्षा से वंचित ना रहे, यह सरकार का संकल्प है।

*******************

मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन ने लघु, कुटीर और ग्रामोद्योगों को बढ़ावा देने का पर जोर दिया है। कल रांची में उद्योग विभाग के कामकाज की समीक्षा करते हुए उन्होंने कहा कि सुदूर ग्रामीण क्षेत्रों में छोटे–छोटे लघु, कुटीर एवं ग्रामोद्योगों से जोड़कर गरीबों, किसानों और जरूरतमंद लोगों की आय में वृद्धि लायी जा सकती है। उन्होंने कहा कि झारखंड में सिल्क और तसर उत्पादन के क्षेत्र में रोजगार के अच्छे अवसर हैं। मुख्यमंत्री ने झारक्राफ्ट और खादी ग्रामोद्योग बोर्ड के अधिकारियों को निर्देश दिया कि वे सुदूर ग्रामीण क्षेत्र में अधिक से अधिक संख्या में महिलाओं को प्रशिक्षण देकर हुनरमंद बनाएं। मुख्यमंत्री ने झारखंड इंडस्ट्रियल एरिया डेवलपमेंट अथॉरिटी, जियाडा की कार्य प्रगति की भी समीक्षा की और अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिये।

*******************

राज्य के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार ने सभी जिलों के निर्वाचन पदाधिकारियों और उप निर्वाचन पदाधिकारियों के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से बैठक की। उन्होंने सभी जिलों में मतदाता सूची के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम का कार्य पूरी दक्षता के साथ समय पर सम्पन्न कराने के निर्देश दिये। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा 25 जून से मतदाता सूची के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम का कार्य शुरू करने के निर्देश प्राप्त हैं। इस दौरान सभी बीएलओ को मतदाताओं के घर–घर जाकर मतदाता सूची के पुनरीक्षण का कार्य करना है।

*******************

लोहरदगा जिले मे मादक पदार्थों पर रोक के लिए अभियान चलाया जा रहा है।

*******************

आकाशवाणी के ताजातरीन समाचारों के लिए आप हमारी
वेबसाईट news on air.gov.in पर लॉग ऑन कर सकते हैं।

ताजा समाचार एक्स हैंडल @AIR news alerts

और फेसबुक पेज All India Radio news पर भी उपलब्ध है।

आप प्रादेशिक समाचार एकांश के एक्स हैंडल

@AIR news अंडर स्कोर_ranchi

और

फेसबुक, इंस्टाग्राम पेज तथा

YOUTUBE Channel AIR NEWS Ranchi

पर भी हमारे बुलेटिन सुन सकते है।

*******************

एंटी करप्शन ब्यूरो, एसीबी ने बड़ी कार्रवाई करते हुए कल झारखंड मंत्रालय के जल संसाधन विभाग में छापेमारी की। इस दौरान एसीबी ने सेक्शन ऑफिसर ममता झरना और कर्मचारी विजय कुमार को 15 हजार रुपये घूस लेते हुए रंगे हाथ गिरफ्तार किया। रांची एसीबी की टीम दोनों को अपने साथ लेकर गई है। फिलहाल दोनों से पूछताछ की जा रही है।

*******************

गोड्डा जिले में लगभग 81 करोड. रुपए की लागत से बिजली विभाग द्वारा जर्जर पोल, ट्रांसफार्मर और संबंधित सिस्टम को बदला जाएगा। जुलाई महीने से गोड्डा जिले के शहरी क्षेत्र में बिजली व्यवस्था को दुरुस्त करने का कार्य शुरु हो जायेगा। गोड्डा विधायक अमित मंडल ने इस मामले में संबंधित अधिकारियों और मंत्री से संपर्क कर गोड्डा में बिजली व्यवस्था सुधारने की मांग रखी थी।

*******************

जमशेदपुर में क्लीनिकल कार्डियो डायबिटीज सोसाइटी ऑफ इंडिया, सीसीडीएसआई की बिहार और झारखंड शाखा का आठवां वार्षिक अधिवेशन शुरू हो गया है। कार्यक्रम के अध्यक्ष डॉक्टर उमेश खान ने बताया कि इस कार्यक्रम में बिहार, झारखंड, दिल्ली, गुजरात, पंजाब, बंगाल समेत कई राज्यों से लगभग 200 डॉक्टर भाग ले रहे हैं।

*******************

आकाशवाणी समाचार को भारत में सबसे भरोसेमंद समाचार ब्रांड में से एक माना गया है। ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी के रॉयटर्स इंस्टीट्यूट फॉर द स्टडी ऑफ जर्नलिज्म के हाल ही में कराए गए एक सर्वेक्षण में देश के मीडिया जगत में आकाशवाणी समाचार की श्रेष्ठता की पुष्टि की गई है। डिजिटल न्यूज़ रिपोर्ट 2024 के हिस्से के रूप में जारी इस वार्षिक रिपोर्ट के अनुसार आकाशवाणी समाचार विश्वसनीयता के पैमाने पर देश के अन्य प्रमुख मीडिया संस्थानों की तुलना में काफी आगे है। प्रसार भारती के अध्यक्ष नवनीत कुमार सहगल ने इस उल्लेखनीय उपलब्धि पर कहा कि यह सभी परिस्थितियों में सच्ची और प्रमाणित खबरें प्रसारित करने की आकाशवाणी समाचार की अटूट प्रतिबद्धता का प्रमाण है।

*******************

संताल परगना के पाकुड़ और साहिबगंज के रास्ते कल मानसून ने झारखंड में दस्तक दी। मौसम विभाग के अनुसार मानसून अगले तीन–चार दिनों में पूरे राज्य को कवर कर लेगा। राजधानी रांची समेत राज्य के कई इलाकों में बारिश शुरु हो गयी है। बारिश होने से तापमान में भी गिरावट आयी है। मौसम विभाग ने अपने पूर्वानुमान में बताया है कि राज्य में 27 जून तक गरज के साथ भारी बारिश और वज्रपात होने की संभावना है। इस दौरान कहीं–कहीं 30 से 40 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से हवा भी चल सकती है।

*******************

उधर, चतरा जिले में पिछले दो दिनों से रुक रुक कर हो रही बारिश से लोगों को गर्मी और उमस से कुछ राहत मिली है। इसके साथ ही किसानों के चेहरे पर भी खुशी दिखायी पड़ने लगी है। बारिश के बाद किसान खेती–किसानी में जुट गये हैं। मौसम बदलने से अब लोगों को पेयजल संकट से भी निजात मिलने की संभावना है।

*******************

अखबारों की सुर्खियां

राजधानी रांची से प्रकाशित लगभग सभी अख़बारों ने मॉनसून के झारखंड पहुंचने की खबर को अपने पहले पन्ने पर प्रमुखता से प्रकाशित किया है।
दैनिक भास्कर ने लिखा है– आ गया मॉनसून, पाकुड़ के रास्ते झारखंड में एंट्री, अगले पांच दिनों में पूरे राज्य को करेगा कवर, तेज बारिश की चेतावनी।

प्रभात खबर ने नीट यूजी की काउंसिलिंग की तिथि बढ़ाने से सुप्रीम कोर्ट के इंकार संबंधित खबर को पहले पन्ने पर प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

हिंदुस्तान ने लिखा है – राज्य के 90 हजार अस्थाई कर्मियों को मिलेगा ईपीएफ का लाभ।

दैनिक जागरण और रांची एक्सप्रेस ने मुख्यमंत्री द्वारा उधोग विभाग की समीक्षा किए जाने की खबर को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

वहीं अंग्रेजी अखबार टाइम्स ऑफ इण्डिया और हिंदुस्तान टाइम्स ने हाईकोर्ट द्वारा दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविन्द केजरीवाल की जमानत रोके जाने की खबर को पहले पन्ने की सुर्खी बनाई है।

*******************